HEALTH & DISABILITY COMMISSIONER
TE TOIHAU HAUORA, HAUĀTANGA

*यदि आप assisted dying service (सहायता प्राप्त मृत्यु सेवा) प्राप्त करने का चुनाव करते हैं, और अगर आपको लगता है कि आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया है, तो शिकायत कैसे करें, इस बारे में यह गाइड - कोड ऑफ हैल्थ एंड डिसेबिलिटी कन्ज़्यूमर्स राइट्स (स्वास्थ्य और विकलांगता उपभोक्ता अधिकार संहिता) (संहिता) के तहत आपके अधिकारों को स्पष्ट करती है।*

# Assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु): कोड के तहत लोगों के अधिकार

7 नवंबर 2021 से, एक व्यक्ति जिसे एक लाइलाज बीमारी है और सख्त पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, वह अपनी पीड़ा को दूर करने और अपना जीवन समाप्त करने के लिए दवा का अनुरोध करने का हकदार है। यदि आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) प्राप्त करने का चुनाव करते हैं, तो आपको स्वास्थ्य और विकलांगता सेवा उपभोक्ता अधिकार संहिता (संहिता) द्वारा संरक्षित किया जाएगा। यदि आपको अच्छी सेवा नहीं मिली है, तो आप या आपका कोई मित्र, देखभालकर्ता या परिवार का सदस्य स्वास्थ्य और विकलांगता आयुक्त (HDC) से शिकायत कर सकते हैं।

## अच्छी देखभाल का अधिकार

हम जानते हैं कि assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) एक संवेदनशील विषय है जिसके बारे में बात करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन किसी भी अन्य प्रकार की स्वास्थ्य देखभाल की तरह, यदि आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) प्राप्त करने का चुनाव करते हैं, तो संहिता के तहत आपको कुछ अधिकार प्राप्त हैं।

इनमें उचित और सम्मान के साथ व्यवहार करने, आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली देखभाल और सहायता, अपनी देखभाल के बारे में चुनाव करने, आपकी देखभाल के बारे में इस तरह से चर्चा करने का अधिकार जिसे आप समझते हैं, और अच्छी क्वालिटी की देखभाल प्राप्त करने के अधिकार शामिल हैं। अगर आपको लगता है कि आपके अधिकारों को बरकरार नहीं रखा गया है, तो आप शिकायत कर सकते हैं। (संपूर्ण अधिकार संहिता **www.hdc.org.nz** पर उपलब्ध है)

## Assisted dying law (सहायता प्राप्त मृत्यु कानून) के अंतर्गत अधिकार

End of Life Choice Act (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम) 2019 (अधिनियम) उन लोगों को कानूनी रूप से अपने जीवन को समाप्त करने के लिए चिकित्सा सहायता मांगने का विकल्प देता है जो एक लाइलाज बीमारी से असहनीय पीड़ा का अनुभव करते हैं। अधिनियम के कुछ हिस्से हैं जो महत्वपूर्ण तरीकों से संहिता के तहत आपके अधिकारों को प्रभावित करते हैं। ये पूरी तरह से सूचित होने के आपके अधिकार, और एक सूचित विकल्प बनाने और सूचित सहमति देने के आपके अधिकार से संबंधित हैं।

### जानकारी के लिए आपको अपने डॉक्टर या नर्स से पूछना होगा

संहिता के तहत, आमतौर पर आपके लिए उपलब्ध सभी विकल्पों सहित, आपको अपनी देखभाल के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक सभी जानकारी का अधिकार होगा।

लेकिन End of Life Choice Act (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम) कहता है, कि आपका डॉक्टर, नर्स, या कोई अन्य स्वास्थ्य प्रैक्टिशनर आपके साथ assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) के बारे में जब तक कि आप उनसे इसके बारे में पहले नहीं पूछते, तब तक वे इस बारे में आपसे चर्चा शुरू नहीं कर सकते। यह इस चिंता के कारण है कि संभव है आप उस सेवा को चुनने के लिए दबाव महसूस कर सकते हैं। इसलिए यदि आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) के बारे में बात करना चाहते हैं, तो आपको इसके लिए बहुत स्पष्ट रूप से कहना होगा। एक बार जब आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) का विषय उठा लेते हैं, तो आप निर्णय लेने के लिए आवश्यक सभी सूचनाओं के हकदार होते हैं, जिसमें आपके सभी विकल्पों के बारे में जानकारी भी शामिल है।

ध्यान दें कि केवल एक पंजीकृत चिकित्सक या नर्स प्रैक्टिशनर ही आपको मरने में सहायता प्रदान कर सकता है, हालांकि सभी यह सेवा प्रदान नहीं करेंगे।

### इस सेवा के पात्र होने और इसकी प्रक्रिया में विभिन्न बिंदुओं पर आपके "सक्षम" होने के रूप में, मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

"सक्षम" का अर्थ है कि आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए जानकारी को समझ सकते हैं, याद रख सकते हैं, उसका उपयोग संतुलित रूप से कर सकते हैं, और यह कि आप उस निर्णय को किसी तरह से बता सकते हैं।

संहिता के तहत, यह माना जाता है कि आप एक सूचित विकल्प तैयार करने और अपनी देखभाल के लिए सूचित सहमति देने में सक्षम हैं, जब तक कि डॉक्टर को यह सोचने के लिए उचित आधार न हों कि आप सक्षम नहीं हैं।

The End of Life Choice Act (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम) में कहा गया है कि assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) के बारे में निर्णय लेने की आपकी क्षमता का निर्धारण दो डॉक्टरों द्वारा किया जाना चाहिए ताकि यह आकलन किया जा सके कि आप सेवा के लिए पात्र हैं या नहीं। यदि दोनों में से कोई भी अनिश्चित है, तो एक मनोचिकित्सक आपकी क्षमता का निर्धारण करने के लिए आपका मूल्यांकन करेगा।

### आप अग्रिम निर्देश में सहायता प्राप्त मृत्यु का अनुरोध नहीं कर सकते।

कोड में कहा गया है कि आप उन हालातों में जहां आप अपने लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, देखभाल के लिए अपनी इच्छाओं को निर्धारित करने के लिए अग्रिम निर्देश का उपयोग कर सकते हैं।

लेकिन, End of Life Choice Act (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम) के तहत, आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) के लिए अग्रिम निर्देश नहीं दे सकते। ऐसा इसलिए है क्योंकि सेवा के लिए आपका मूल्यांकन करने वाले डॉक्टरों को संतुष्ट होना चाहिए कि आप अपना अनुरोध करते समय और प्रक्रिया के दौरान सक्षम हैं।

### यदि आपके डॉक्टर को ऐसा करने में धार्मिक या नैतिक आपत्ति है, तो उन्हें assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।

इस मामले में, उन्हें आपको बताना होगा कि उन्हें इसमें आपत्ति है और आपको न्यूज़ीलैंड में जीवन के अंत के लिए सहायता और परामर्श समूह (SCENZ) से ऐसे प्रतिस्थापन (बदले में दूसरे) चिकित्सक के नाम और संपर्क विवरण के लिए संपर्क करने का अधिकार है जो यह सेवा प्रदान करने के लिए सहमत है। SCENZ के बारे में जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

यदि आपका डॉक्टर सेवा प्रदान नहीं कर सकता है, तो भी संहिता के तहत उन्हें यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि आपकी देखभाल जारी रहे। उदाहरण के लिए, यदि जो डॉक्टर आपको assisted dying service (सहायता प्राप्त मृत्यु सेवा) प्रदान कर रहा है, उसे आपके रिकॉर्ड की आवश्यकता है या आपकी देखभाल पर चर्चा करने के लिए, आपके सामान्य चिकित्सक को सहयोग करने की आवश्यकता होगी।

## शिकायत करना

Assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) एक नई सेवा है, और स्वास्थ्य और विकलांगता आयुक्त इस पर कड़ी नज़र रख रहे हैं कि यह उन लोगों के लिए कैसे काम कर रहा है जो इसे प्राप्त करना चाहते हैं।

यदि आप assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) का चुनाव करते हैं और आपको लगता है कि संहिता के तहत आपके अधिकारों को बरकरार नहीं रखा जा रहा है, तो आप शिकायत कर सकते हैं।

यदि आप सेवा प्राप्त करने के लिए चुनने वाले व्यक्ति के whānau (फानाऊ), परिवार, मित्र, या देखभालकर्ता हैं, तो भी आप शिकायत कर सकते हैं।



HEALTH & DISABILITY COMMISSIONER
TE TOIHAU HAUORA, HAUĀTANGA

### whānau (परिवार) के लिए जानकारी

परिवार के सदस्य, whānau (फानाऊ), और देखभालकर्ता इस प्रक्रिया में किसी व्यक्ति की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं **यदि वह व्यक्ति चाहता है कि वे ऐसा करें तो**।

एक व्यक्ति जो assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) का विकल्प चुनता है, यदि वह नहीं चाहता है तो उसे किसी और के साथ इस पर चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) प्राप्त करने का निर्णय व्यक्ति की अपनी पसंद है। परिवार के सदस्यों, whānau, और वैलफ़ेयर गार्डियन्स (कल्याण संरक्षक) के पास परिवार के किसी सदस्य की ओर से निर्णय लेने की कोई शक्ति नहीं है।

हालांकि, डॉक्टर को चाहिए कि वे उस व्यक्ति को अपने परिवार और whānau के साथ अपनी इच्छा के बारे में चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें और यह सुनिश्चित करें कि उन्हें ऐसा करने का अवसर उपलब्ध है। यदि व्यक्ति अनुमति देता है तो, सेवा के लिए व्यक्ति का मूल्यांकन करने वाले डॉक्टर, परिवार और whānau (फानाऊ) से बात कर सकते हैं।

## आपकी शिकायत का प्रबंधन कैसे किया जाएगा

आपकी समस्या कितनी गंभीर या कितनी महत्वपूर्ण है, इस पर निर्भर करते हुए, हम सुझाव दे सकते हैं कि आप पहले संबंधित हैल्थ प्रोफेशनल (स्वास्थ्य पेशेवर), से बात करें क्योंकि हो सकता है वे समस्या को जल्दी से हल कर सकें।

अगर आप ऐसा करने में सहज नहीं हैं, तो आप अपनी चिंताओं के बारे में हैल्थ एंड डिसेबिलिटी एडवोकेट (स्वास्थ्य और विकलांगता अधिवक्ता) की मदद लेने का चुनाव कर सकते हैं।

राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य एवं विकलांगता वकालत सेवा हैल्थकेयर और विकलांगता सेवा प्रदाताओं, स्वास्थ्य मंत्रालय और HDC (एचडीसी) से अलग स्वतंत्र रूप से संचालित होती है। यह एक नि: शुल्क और गोपनीय सेवा है। आपका वकील समस्या का समाधान करने, आपके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करने और संबंधित स्वास्थ्य पेशेवर के साथ चिंताओं को उठाने में आपकी सहायता करने के लिए आपके साथ काम करेगा।

एडवोकेसी सर्विस (वकालत सेवा) से संपर्क करने के लिए कृपया **0800 555 050** पर फोन या **advocacy@advocacy.org.nz** पर ईमेल करें।

अन्यथा, आप HDC (एचडीसी) से संपर्क कर सकते हैं। हम आपके द्वारा उठाए गए मुद्दों और उपलब्ध जानकारी समेत, आपकी शिकायत पर ध्यानपूर्वक विचार करेंगे। इसमें कुछ समय लग सकता है। जहां आपको तुरंत प्रतिक्रिया की आवश्यकता हो, तो हम आपके लिए कौन से विकल्प उपलब्ध हैं, इस पर चर्चा करने के लिए आपसे संपर्क कर सकते हैं, या आप स्वास्थ्य मंत्रालय में रजिस्ट्रार assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) से संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रार शिकायतें भी प्राप्त कर सकता है और उन्हें HDC (एचडीसी) या किसी अन्य उपयुक्त प्राधिकारी, जैसे कि मेडिकल काउंसिल, नर्सिंग काउंसिल या पुलिस को संदर्भित कर सकता है।

HDC (एचडीसी) शिकायतों का समाधान कैसे करता है, आप इस बारे में अधिक जानकारी हमारी वेबसाइटः **www.hdc.org.nz** से प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आपकी चिंता अत्यावश्यक है या आपको तुरंत उत्तर चाहिए, तो स्वास्थ्य मंत्रालय और रजिस्ट्रार (assisted dying) से संपर्क करें: **AssistedDying@health.govt.nz** या **0800 223 852** पर फोन करें।

HEALTH & DISABILITY COMMISSIONER
TE TOIHAU HAUORA, HAUĀTANGA

## अधिक जानकारी के लिए

The End of Life Choice Act 2019 (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम 2019) में सख्त पात्रता मानदंड और सुरक्षा उपायों समेत, सहायता प्राप्त मृत्यु तक पहुंच के लिए कानूनी ढांचे और एक उच्च-स्तरीय प्रक्रिया को निर्धारित किया गया है।

आप न्यूज़ीलैंड लेजिसलेशन (विधान या कानून) की वेबसाइट **www.legislation.govt.nz** पर End of Life Choice Act (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम) के बारे में अधिक पढ़ सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा End of Life Choice Act 2019 (जीवन के अंत का चुनाव अधिनियम 2019) के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया जा रहा है। आप स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइटः **www.health.govt.nz** पर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आप किसी भी चिंता के लिए रजिस्ट्रार assisted dying (सहायता प्राप्त मृत्यु) या सहायक मृत्यु सचिवालय से भी संपर्क कर सकते हैं: **AssistedDying@health.govt.nz** या **0800 223 852**।.

## सम्पर्क

### दी नेशनवाइड एडवोकेसी सर्विस (राष्ट्रव्यापी वकालत सेवा)

| | |
|---|---|
| **फ्री फोन:** | 0800 555 050 |
| **ईमेल:** | advocacy@advocacy.org.nz |
| **नियत समय:** | **सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार** |

### हैल्थ एंड डिसेबिलिटी कमिश्नर (स्वास्थ्य और विकलांगता आयुक्त)

**पीओ बॉक्स 1791, ऑकलैंड**

| | |
|---|---|
| **मुफ्त फोन:** | 0800 11 22 33 |
| **ईमेल:** | hdc@hdc.org.nz |
| **वेबसाइट:** | www.hdc.org.nz |
| **नियत समय:** | **सुबह 8.30 बजे से शाम के 8.00 बजे, सोमवार से शुक्रवार** |

यदि आपकी चिंता अत्यावश्यक है या आपको तुरंत उत्तर चाहिए, तो स्वास्थ्य मंत्रालय में रजिस्ट्रार (assisted dying) से संपर्क करें: **AssistedDying@health.govt.nz** या **0800 223 852** पर फोन करें।